
# सरदार पटेल की जयंती पर यमुना से झेलम तक पहुंचेगा 'एकता का जल'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**सरदार पटेल** की 150वीं जयंती पर राजधानी में भव्य राष्ट्रीय एकता कार्यक्रम में एकता का जल यमुना से झेलम तक पहुंचाया जाएगा। दिल्ली के अलग-अलग इलाके के 150 स्टूडेंट्स यमुना नदी से जल जमा करेंगे। यह जल देश की 25 प्रमुख नदियों तक पहुंचाया जाएगा, जिनमें जम्मू-कश्मीर की झेलम और हैदराबाद की मूसी नदी भी शामिल हैं। इन नदियों का जल भी दिल्ली लाया जाएगा। जिसे पटेल चौक स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर अभिषेक कर 'राष्ट्रीय एकता का जल संकल्प' लिया जाएगा। 31 अक्टूबर को इन सभी नदियों के जल से मुख्यमंत्री सरदार पटेल की प्रतिमा का जलाभिषेक करेंगी। इस पूरे अभियान पर आधारित विडियो डॉक्युमेंट्री भी तैयार की जाएगी, जिसका प्रदर्शन मुख्य समारोह में किया जाएगा।



मंत्री आशीष सूद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी जानकारी

दरअसल, दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने मंगलवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि दिल्ली सरकार सरदार पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर 'सरदार @150' का आयोजन कर रही है। इस अवसर पर केंद्र सरकार और युवा एवं खेल मंत्रालय के आह्वान पर दिल्ली में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। दो महीने तक चलने वाले इस अभियान का मुख्य संदेश 'एक भारत, आत्मनिर्भर भारत, एकजुट भारत, विकसित भारत के साथ-साथ युवाओं में राष्ट्रीय एकता, नशामुक्त जीवन, स्वच्छ यमुना का संदेश फैलाना है। सूद ने कहा कि 1 नवंबर जो दिल्ली सहित 9 राज्यों का स्थापना दिवस है। उस दिन लाल किले पर 'एक भारत श्रेष्ठ भारत–आत्मनिर्भर भारत' विषय पर एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रोजेक्शन मैपिंग शो आयोजित किए जाएंगे। शिक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि इस समारोह में केंद्र सरकार की संस्था 'माई भारत' के सहयोग से पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और स्टैच्यू ऑफ यूनिटी यात्रा के अंतर्गत दिल्ली के 15 शैक्षिक जिलों में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत–आत्मनिर्भर भारत' विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। हर जिले से 10 बेस्ट स्टूडेंट्स चुने जाएंगे और कुल 150 बच्चे सरदार पटेल की 150वीं जयंती का प्रतीक होंगे। चुने गए स्टूडेंट्स को स्टैच्यू ऑफ यूनिटी (गुजरात) की यात्रा पर ले जाया जाएगा। बेस्ट 15 स्टूडेंट्स के पोस्टर प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को भेजे जाएंगे।

nwda.gov.in